आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 20.03.2025
समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने कम मूल्य के भीम–यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिये प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी।
- चारधाम यात्रा के लिए आज से पंजीकरण शुरू, पंजीकरण के लिए आधार कार्ड अनिवार्य।
- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य विभिन्न निर्माण कार्यों को समयबद्धता, उत्कृष्ट गुणवत्ता और प्रभावी क्रियान्वयन के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।
- जल विद्युत परियोजनाओं से उत्पादित बिजली की निर्बाध निकासी के लिये रुद्रप्रयाग के रुद्रपुर गांव में 220 केवी विद्युत सब–स्टेशन का निर्माण किया जाएगा।

केंद्रीय कैबिनेट

केंद्र सरकार ने कम मूल्य के भीम–यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए एक प्रोत्साहन योजना को स्वीकृति दी। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना में छोटे व्यापारियों को दो हजार रुपये तक के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन मूल्य पर शून्य दशमलव एक–पांच प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।

सरकार ने पशुधन क्षेत्र में वृद्धि को प्रोत्साहन देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को भी स्वीकृति दी है। संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन का कार्यान्वयन एक हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ किया जा रहा है। श्री वैष्णव ने कहा कि योजना से दुग्ध उत्पादन और उत्पादकता को काफी प्रोत्साहन मिलेगा और इससे किसानों की आय में वृद्धि भी होगी।

मंत्रिमंडल ने डेयरी विकास के लिए संशोधित राष्ट्रीय कार्यक्रम को भी मंजूरी दी। श्री वैष्णव ने कहा कि यह पहल डेयरी बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और विस्तार पर केंद्रित है। इससे क्षेत्र की निरंतर वृद्धि और उत्पादकता सुनिश्चित होती है।

चारधाम यात्र पंजीकरण शुरू

चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण आज से शुरू हो रहा है। पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने बताया कि इस बार आधार प्रमाणित पंजीकरण होंगे, और पंजीकरण के दौरान श्रद्धालुओं को अपना आधार कार्ड विवरण देना जरूरी होगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 60 प्रतिशत पंजीकरण ऑनलाइन होंगे, जबकि 40 प्रतिशत पंजीकरण ऑफलाइन किए जाएंगे, ताकि तीर्थयात्रियों को कोई परेशानी न हो। यात्रा के मार्गों पर हरिद्वार और ऋषिकेश के साथ पंजीकरण केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाएगी। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए श्रद्धालु registrationandtouristcare.uk.gov.in पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। इस बार, श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, पर्यटन विभाग ने ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया यात्रा से 40 दिन पहले शुरू की है।

उपलब्धि

भारत सरकार की एस.एन.ए. स्पर्श योजना में इस वर्ष 31 जनवरी तक अपनी केंद्रीय योजनाओं को शामिल करने में उत्तराखण्ड ने महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि के लिए केंद्र ने उत्तराखण्ड को विशेष पूंजीगत सहायता के रूप में प्रोत्साहन राशि दी है।

वित्त विभाग और वित्तीय डेटा सेंटर के अधिकारियों की टीम ने एस.एन.ए. स्पर्श के सॉफ़्टवेयर का निर्माण किया और इसे समय पर लागू किया। इस सफलता के लिए अपर मुख्य सचिव वित्त आनन्द बर्द्धन और सचिव वित्त दिलीप जावलकर ने अधिकारियों को बधाई दी है।

वर्चुअल बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 23 मार्च को प्रदेश में सेवा दिवस के रूप में मनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को से इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने को कहा है, जिनमें जनसंपर्क को बढ़ावा देने के साथ–साथ स्वास्थ्य शिविर और सरकारी योजनाओं से लाभान्वित होने के अवसर प्रदान किए जाएंगे। नई दिल्ली से अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेते हुये मुख्यमंत्री ने राज्य के प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण के लिए भी निर्देश दिए और आगामी ग्रीष्मकाल के लिए पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक

हरिद्वार में 2027 में होने वाले अर्धकुंभ मेले की तैयारियों को लेकर पौड़ी गढ़वाल के अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल ने संबंधित अधिकारियों के बैठक की। इस दौरान उन्होंने लक्ष्मणझूला और नीलकंठ में होने वाले कार्यों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट–डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए। अर्धकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं के स्वर्गाश्रम और नीलकंठ में आवागमन की व्यवस्था को लेकर समन्वय स्थापित करने का भी निर्देश दिया।

अनुमोदन

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड में विभिन्न निर्माण कार्यों को समयबद्धता, उत्कृष्ट गुणवत्ता और प्रभावी क्रियान्वयन के साथ पूरा करने के निर्देश दिए हैं। देहरादून में आयोजित ईएफसी बैठक में श्रीमती रतूड़ी ने विभिन्न प्रस्तावों को अनुमोदित किया। उन्होंने राज्य के निर्माण कार्यों में उत्तराखण्ड की पारम्परिक वास्तुशैली और ग्रीन बिल्डिंग मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिये। साथ ही निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता और निर्धारित समय में कार्यों को पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि, निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने राज्य के मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए लगभग दो सौ करोड़ रुपए की लागत से उपकरणों की आपूर्ति और स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी। साथ ही, विभिन्न जिलों में निर्माण कार्यों के लिए कई अन्य प्रस्तावों पर भी अनुमोदन दिया।

सब–स्टेशन निर्माण

रुद्रप्रयाग जिले के रुद्रपुर गांव में 220 केवी विद्युत सब–स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। इससे मंदाकिनी घाटी में स्थित जल विद्युत परियोजनाओं से उत्पादित बिजली की निर्बाध निकासी सुनिश्चित होगी और जिले में लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या दूर होगी। इसके अलावा, प्रस्तावित केदारनाथ रोप–वे के लिए भी यह सब–स्टेशन विद्युत आपूर्ति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पिटकुल के अधिशासी अभियंता हिमांशु चौहान ने बताया कि यह परियोजना जिले की विद्युत स्थिति में सुधार लाएगी।

चर्चा

कैबिनेट डॉ. धन सिंह रावत ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से श्रीनगर गढ़वाल में प्रस्तावित मरीन ड्राइव एलिवेटेड रोड परियोजना पर चर्चा की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने परियोजना को शीघ्र शुरू करने का आश्वासन दिया। डॉ. रावत ने बताया कि इस परियोजना से श्रीनगर में यातायात दबाव कम होगा और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। साथ ही, यह क्षेत्र के पर्यटन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा।

गंगा संरक्षण व जागरूकता कार्यक्रम

स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय लोहाघाट में नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा संरक्षण व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों ने स्थानीय जल स्रोतों के संरक्षण के लिए नारे लगाए और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में गंगा संरक्षण के महत्व पर जोर दिया गया और स्थानीय जल स्रोतों को बचाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। नमामि गंगे की टीम ने इस अभियान में जन समुदाय को सक्रिय रूप से शामिल होने का आह्वान किया।

नमामि गंगे की नोडल डॉक्टर सुमन पाण्डेय ने बताया कि इस परियोजना के तहत पिछले चार वर्षों से राज्य में प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के तहत शहरी क्षेत्रो के प्राकृतिक नौलों का संरक्षण किया जा रहा है। साथ ही गाढ–गधेरों की सफाई कर पालीथीन के दुष्प्रभाव के बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनता को जागरूक किया जा रहा हैं ।

श्री झंडा आरोहण

श्री गुरु राम राय महाराज और श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज के जयकारों के साथ देहरादून में कल श्री झंडा साहिब का आरोहण हुआ। लाखों श्रद्धालुओं और दूनवासियों ने श्रद्धा के साथ श्री झंडे जी के सामने शीश नवाया। जैसे–जैसे गिलाफ चढ़ने की प्रक्रिया शुरू हुई, संगतों का उत्साह और बढ़ गया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर किया गया, जिससे देश–विदेश से आई संगतें भी इस धार्मिक आयोजन का साक्षी बनीं। श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज ने सभी को शुभकामनाएं दीं और महोत्सव को भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक बताया।

एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

राज्य में पहली अप्रैल से एकीकृत पेंशन योजना लागू हो जाएगी। इस ख़बर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला ने लिखा है – यूपीएस एक अप्रैल से लागू होगी, अधिसूचना हुई जारी। दैनिक जागरण ने लिखा है– उत्तराखंड में एक अप्रैल से यूपीएस लागू होने का रास्ता हुआ साफ।

चुनाव आयोग अब मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक करने जा रहा है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है– मतदाता पहचान पत्र भी आधार से जुड़ेगा। राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है – आधार से लिंक होगा वोटर कार्ड।

देहरादून के प्रसिद्ध झंडे जी महोत्सव के समाचार को भी सभी समाचार पत्रों ने प्रमुख स्थान दिया है। नवोदय टाइम्स ने लिखा है – झंडे जी के आरोहण के साथ आज शुरू होगा ऐतिहासिक मेला। राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है– झंडे जी का आरोहण आज।

प्रदेश में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस समाचार पर अमर उजाला ने लिखा है– शिक्षा विभाग को कला वर्ग में मिलेंगे 789 अतिथि शिक्षक। दैनिक जागरण ने लिखा है – प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में तैनात किए जाएंगे अतिथि शिक्षक।